# BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 31 अक्टूबर, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** थाना कोतवाली देहात

## शातिर बदमाश के साथ थाना कोतवाली देहात पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध चाकू बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 30.10.2025 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नीमखेडा में दो पक्षों के मध्य विवाद हुआ था जिसमे अभियुक्त कप्तान उर्फ सलमान पुत्र शाकिर निवासी ग्राम नीमखेडा थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसी के गांव के अनिल पुत्र छेदी पर जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर घायल कर देने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बंध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 832/25 धारा 109(1)/191(2)/191(3) बीएनएस व 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसके सम्बन्ध मे आज दिनांक 31.10.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त कप्तान उर्फ सलमान को गिरफ्तार कर उसके द्वारा चिन्हित जगह पर आलाकत्ल बरामद करने हेतु ले जाया गया था। जहाँ अभियुक्त कप्तान उर्फ सलमान उपरोक्त द्वारा पुलिस टीम की पिस्टल छीनकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- कप्तान उर्फ सलमान पुत्र शाकिर निवासी ग्राम नीमखेडा थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- 01 अवैध चाकू (आलाकत्ल)

**गिरफ्तार अभियुक्त कप्तान उर्फ सलमान का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं- 832/25 धारा 109(1)/191(2)/191(3) बीएनएस व 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 मुनेश पाल, उ0नि0 अंशुल विश्नोई, उ0नि0 राहुल जावला
2. है0का0 गंभीर सिंह।










मीडिया सेल बुलन्दशहर